प्रेस विज्ञप्ति

सिर चढ़कर बोला मशहूर गायक तेजिन्दर सिंह का जादू

हिन्दुस्तान कॉलेज के वार्षिकोत्सव ज्ञान ज्योति 2019 का समापन समारोह

ज्ञान ज्योति–2019 का मुख्य आकर्षण शाम को म्यूजीकल नाइट में मुम्बई से पधारे फरीदाबाद हरियाणा के मशहूर गायक तेजिन्दर सिंह की प्रस्तुति रही। जिसमें उन्होंने प्रसिद्ध फिल्मी गाने जैसेः **'खाके पान बनारस बाला, खुल जाय बंद अकल का ताला' 'ओम शांति ओम शांति शांति ओम' 'लगजा गले'** आदि ने छात्र/छात्राओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। सभी छात्र/छात्रायें मनोरंजन की मस्ती में देर रात तक झूमते रहे। मशहूर गायक तेजिन्दर सिंह ने छात्र/छात्राओं की फरमाईश पर भी अनेक एलबमों व बालीवुड फिल्मों के गीत सुनाये। छात्र/छात्राओं पर गायक तेजिन्दर सिंह का जादू इस कदर सिर चढ़ा कि हर गाने के बाद वन्स मोर, वन्स मोर की आवाजें चारों ओर से गुन्जामान रहीं। कुछ मधुर गानों का लुत्फ शिक्षकों ने भी उठाया। मशहूर गायक तेजिन्दर सिंह 2010 में जी टीवी के मशहूर शो सा रे गा मा पा के प्रतिभागी थे। शो में तेजिन्दर सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तेजिन्दर सिंह इण्डियन आइडल 9 के भी प्रतिभागी रहे। इन्होंने भाग मिल्खा भाग पर गाना गाकर निर्णायक बधुंओं को प्रभावित किया और फाइनल का गोल्डन टिकट प्राप्त किया।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई के गुप्ता और कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. वी. के. शर्मा ने तेजिन्दर सिंह का स्वागत किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के लिए किये जाते हैं ताकि वे ऊर्जावान रहें।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने मशहूर गायक तेजिन्दर सिंह का स्वागत किया और इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम सफल एवं शांतिपूर्वक आयोजित करने के लिए बधाई दी तथा छात्रों से अपनी पूर्व ऊर्जा के साथ पुनः अध्ययन कार्य में जुट जाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके छात्रों पर निर्भर करता हैं। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को एकाग्रता एवं निरंतर कठिन परिश्रम करने को कहा।

इस अवसर पर डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वैलफेयर डॉ. संदीप अग्रवाल, ज्ञान ज्योति 2019 के समन्वयक प्रो. संजय जैन, डॉ. रिचा कपूर, श्री मनीष गुप्ता, संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षकगण एवं कुलसचिव डॉ. अमित सक्सैना, छात्र–छात्रायें एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।